प्रेस नोट

सराहनीय कार्य कानपुर देहात

दिनांक- 25.05.2026

- **जनपद कानपुर देहात में राजस्व व पुलिस की संयुक्त टीम द्वारा अवैध खनन का परिवहन करने वाले 46 ट्रक को किया गया सीज।**
- **संयुक्त टीम द्वारा ट्रक/डम्फरों को सीज करते हुए उनसे कुल 70,29,590/- रूपये का राजस्व शुल्क वसूला गया।**

कृपया अवगत कराना है कि अपर पुलिस महानिदेशक,कानून एवं व्यवस्था उ0प्र0 सरकार के निर्देश पर 02 दिवसीय अभियान के क्रम में श्रीमान् पुलिस अधीक्षक महोदय कानपुर देहात श्रद्धा नरेन्द्र पाण्डेय के कुशल निर्देशन में उप जिला मजिस्ट्रेट भोगनीपुर, क्षेत्राधिकारी भोगनीपुर, ARTO कानपुर देहात, माइनिंग आफिसर कानपुर देहात व थाना भोगनीपुर पुलिस के संयुक्त टीम के द्वारा अवैध खनन/परिवहन की रोकथाम के सम्बन्ध में दिनांक 24.05.2026 को अवैध खनन/परिवहन की चेकिंग के दौरान कुल 46 ट्रक/डम्फरों को सीज किया गया तथा उनसे कुल ₹70,29,590/- का राजस्व शुल्क वसूला गया। उपरोक्त ट्रकों के विरूद्ध नियमानुसार कार्यवाही की गयी। अवैध खनन/परिवहन व बिना नम्बर प्लेट के वाहनों के विरूद्ध पुलिस की कार्यवाही निरन्तर जारी रहेगी।

कुल राजस्व शुल्क-

₹ 70,29,590/-

चेकिंग करने वाली संयुक्त टीम का विवरण –

1. उपजिला मजिस्ट्रेट भोगनीपुर कानपुर देहात
2. क्षेत्राधिकारी भोगनीपुर कानपुर देहात
3. ARTO कानपुर देहात
4. जिला खनन अधिकारी कानपुर देहात
5. प्रभारी निरीक्षक भोगनीपुर मय पुलिस टीम